# सामाजिक समाचार

## अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण प्रदेश सभा राजस्थान की कार्यकारिणी की मीटिंग सम्पन्न

8 अप्रैल, 2018 जयपुर प्रदेश सभा भवन में आयोजित राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी की मीटिंग निर्धारित समय 11.15 बजे प्रारम्भ की गई।

सर्वप्रथम मंच पर श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष को कार्यक्रम की अध्यक्षता हेतु आमंत्रित किया गया। इसके साथ ही श्री बी.सी. शर्मा वरिष्ठ उपप्रधान, श्री आर.सी. शर्मा 'गोपाल' पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री बाबूलाल पंवार पूर्व कार्यकारी प्रधान, जिलाध्यक्ष श्री घनश्याम पंवार, चुनाव प्रभारी श्री सुरेश पिलवाल पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, प्रदेश प्रवक्ता श्री महेश जांगिड आदि को मंचासीन करवाया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. समित शर्मा (आई.ए.एस.) तथा श्री जगदीश शर्मा (ए.डी.जे.) थे। मंच पर श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) प्रदेश प्रभारी राज., उपप्रधान महासभा श्री बृजमोहन जांगिड (समेल), श्री प्रहलादराय (रींगस), श्री कज्जूलाल धानोता, श्री शिवनारायण (से.नि. थानेदार), श्रीमती भारती शर्मा, पूर्व प्रधान डॉ. अशोक जांगिड, भाजपा युवा नेता अजीत माण्डन, श्री देवकी नंदन नागल (पूर्व प्रधान), श्री रमेश सिदड़ (पूर्व मुख्य चुनाव प्रभारी महासभा), डॉ. मुकेश समलेटी (राष्ट्रीय जनगणना प्रभारी), श्री बसंत गेपाल पूर्व चुनाव प्रभारी प्रदेश सभा, श्री मनोहर लाल (एक्स.ई.एन.), श्री गजानन्द जांगिड (एक्स.ई.एन.), श्री रामजी लाल जांगिड विराट नगर, डॉ. प्रभात शर्मा (मीडिया) आदि समाज बंधु भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान् श्री विश्वकर्मा जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ तथा प्रदेशाध्यक्ष श्री लखन शर्मा, श्री बी.सी. शर्मा, श्री राजेश शर्मा महामंत्री, श्री नरेन्द्र देव शर्मा कोषाध्यक्ष व उपस्थित सभी ने भगवान विश्वकर्मा की श्रद्धा से पूजा-अर्चना की।

दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम के पश्चात् प्रदेशाध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय महासभा में राजस्थान से मनोनित सदस्यों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर एक बात अवश्य देखने को मिली कि पूर्व में लिए गए निर्णय के अनुसार मंचासीन अतिथियों का साफा व माला के बिना केवल दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

महामंत्री श्री राजेश शर्मा ने मीटिंग के एजेण्डे के बारे में सभी को अवगत करवाया तथा एजेण्डे के अनुसार ही तय विषय पर वक्ता द्वारा अपना उद्बोधन देने का आग्रह किया गया। इसके तहत सर्वप्रथम श्री सुरेश पिलवाल को चुनाव के मुद्दे पर बोलने हेतु आमंत्रित किया। श्री पिलवाल ने प्रदेश के सभी जिलों के बारे में चुनाव सम्बन्धी जानकारी दी तथा इसमें क्या सुधार किया जा सकता है, उससे समाज को अवगत करवाया।

श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर ने सामुहिक विवाह सम्मेलन के बारे में अपने विचार व्यक्त किए और इसे और बेहतर कैसे बनाया जा सकता है और मितव्ययता कैसे लाई जावे, इस पर विचार प्रस्तुत किए।

डॉ. प्रभात शर्मा पत्रकार ने मीडिया के बारे में अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि आज के युग में मीडिया का क्या महत्व है और इससे हमारे समाज को किस तरह लाभ लेना चाहिए इस पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज के लिए इस कार्य में भरपूर सहयोग करने का वादा भी किया।।

डॉ. समित शर्मा (आई.ए.एस.) द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि मीटिंग में माला पहनना, साफा पहनना, इधर-उधर की बातें करे और चले गए, इससे कोई फायदा नहीं होने वाला। सम्मान तो मन से होता है, जहाँ तक राजनैतिक भागेदारी की बात है हम आम की बात कर रहे हैं, जो कि एक नामुमकीन-सी बात है। हमने तो अभी तक आम का पेड़ ही नहीं लगाया। 110 साल ही नहीं 1000 साल तक भी आम हमारे हाथ में नहीं आने वाला, क्योंकि हमने उसकी नींव ही नहीं डाली। हमें 10 साल, 50 साल, 100 साल में समाज को किस दिशा में लेकर जाना है, इसका लक्ष्य आज ही निर्धारित करें कि हमें आम का पेड़ लगाना है या चीकू का पेड़ लगाना है या सेब का लगाना है और इस पेड़ की सुरक्षा कौन करेगा और सिंचाई कौन करेगा यह तय करें। अगर हमने सही बीज पौधे का चुनाव किया है तो निश्चित रूप से आपको आम अवश्य मिलेगा।

सबसे पहले हम संगठन की बात करें और उसमें सबसे पहले जमीनी स्थर पर कार्य करें। प्रचार की बात हम बाद में करें, पहले कार्य की बात करें और यदि कार्य पहले होगा तो प्रचार स्वत: हो जाएगा। समाज में सभी को यह विचलन है पर इस विचलन से कोई लाभ नहीं होगा। इसके लिए एक कहानी है-एक बार जंगल में भयानक आग लग गई थी और सभी उसे बुझाने का कार्य कर रहे थे। एक चिड़िया भी अपनी चोंच में पानी भरकर आग बुझा रही थी और इस बीच में उसका पंख भी झुलस गया। सामने पेड़ पर बैठे कौए ने कहा कि तेरे इतने से पानी से (परिश्रम से) क्या आग बुझ जाएगी। तो चिड़िया ने कहा कि उसे यह ज्ञात  है, लेकिन सालों-साल बाद जब इस घटना को याद करेंगे तो मेरे इस योगदान का भी उल्लेख होगा। इसलिए हमें भी बैठकर तर्क करने से कुछ हासिल नहीं होगा। हमें समाज को अपना अधिक से अधिक योगदान देना है। अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा के अलावा जितने भी संगठन हैं उन सभी संगठनों को जोड़ना है। एक हमें व्हाट्सअप ग्रुप बनाना चाहिए, जिसमें सभी पदाधिकारी हों और मोबाइल नं. भी साथ में हों। एक वर्ष का कलेण्डर बनाना चाहिए, जिसमें समाज की सभी तरह की गतिविधियाँ जैसे प्रतिभा सम्मान, सामूहिक विवाह, विश्वकर्मा कथा, खेल-कूद, रक्तदान शिविर जो भी हों उसमें समायोजित करना चाहिए। हमें संस्कार युक्त होना चाहिए। दहेज प्रथा और खर्चीली शादियों को हमें बंद कर देना चाहिए, इससे हमें बेटियाँ बोझ नहीं लगेंगी। हम तकनीकी शिक्षा ग्रहण करें। शिक्षा के लिए भामाशाहों की लिस्टिंग करनी चाहिए। इन्होंने सरकार की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। समाज की सम्पत्तियों में बैंग्लुरु में विश्वकर्मा मंदिर (5 करोड़), चैन्नई में धर्मशाला,

विश्वविद्यालय बनाने की सोचनी चाहिए। हमें पुरानी सम्पत्तियों का सदुपयोग करना है और नई सम्पत्तियाँ बनानी है। उसके लिए हमें सरकार से भूमि के लिए आवेदन करना चाहिए।

इसी के साथ प्रथम सत्र समाप्त हुआ। सभी बन्धुओं ने भोजन लेकर निर्धारित समय पर मीटिंग का दूसरा सत्र आरम्भ किया।

दूसरे सत्र में देखने वाली बात यह थी कि अक्सर हम देखते हैं कि भोज के पश्चात् मीटिंग का समापन हो जाता है, पर यहाँ आज ऐसा नहीं हुआ। इसे हम आज की अच्छी शुरूआत कह सकते हैं।

श्री बी.सी. शर्मा ने अपने उद्बोधन में महासभा के बारे में अबतक के जो भी अनुभव रहे, उनसे अवगत करवाया। इनके अलावा श्री आर.सी. शर्मा 'गोपाल', श्री रमेश सिदड़ अजमेर तथा श्रीमती भारती शर्मा ने भी मीटिंग को सम्बोधित किया। श्री अजीत माण्डण ने भी राजनीति पर अपने विचार रखे।

श्री मनोज जांगिड (रेडियोलॉजिस्ट एस.एम.एस. हॉस्पिटल जयपुर) को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गाय।

श्री लखन जी ने अपने उद्बोधन में सभी से यह अनुरोध किया कि जिन्हें प्रदेश सभा की कार्यकारिणी में जिम्मेदारी दी है, वे उनका सहयोग करें व अपने कर्त्तव्य का समाज हित में पालन करें। उन्होंने भगवान श्री विश्वकर्मा जी के बारे में भी अपने विचार प्रकट किए और कहा कि हम सभी हमारे ईष्ट देव को मानें व यदि समाज सहयोग देगा तो विश्वकर्मा कथा का आयोजन करने पर भी विचार किया जा सकता है।

इसके बाद प्रदेशाध्यक्ष द्वारा उन पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई गई, जिन्होंने पूर्व में शपथ नहीं ली थी।

कार्यक्रम में लगभग सभी जिलाध्यक्ष उपस्थित थे। कई तहसीलों से तहसील अध्यक्षों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

श्री राजेश शर्मा ने धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रदेश सभा को इसी प्रकार से सहयोग देते रहें एवं अन्त में सभी महासभा के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

मंच संचालन महामंत्री श्री राजेश शर्मा ने किया।

**–महेश जांगिड** (प्रदेश प्रवक्ता)

## जांगिड ब्राह्मण संस्थान गोल्याणा-लोहार्गल द्वारा विश्वकर्मा मन्दिर में उच्च जलाशय का लोकार्पण

22 मार्च, 2018 को जांगिड ब्राह्मण संस्थान गोल्याणा-लोहार्गल के तत्वावधान में गोल्याणा बस स्टेण्ड स्थित विश्वकर्मा मन्दिर परिसर में नव निर्मित उच्च जलाशय का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान तथा अध्यक्षता की श्री मनरूप जांगिड जिलाध्यक्ष झुंझुनूं द्वारा। विशिष्ट अतिथि श्री भंवरलाल चोयल अध्यक्ष विश्वकर्मा कल्याण समिति सीकर, श्री बालचन्द डाबला अध्यक्ष विश्वकर्मा मन्दिर समिति नीम का थाना, गोपीराम अध्यक्ष बेरीधाम, एडवोकेट ओमप्रकाश जांगिड, बजरंगलाल बसावा, सुनील कुमार सीदड़, हरिराम जांगिड पूर्व सरपंच, हरिनारायण चला, ख्यालीराम खण्डेला, मोहनलाल चोयल, प्रहलादराय, पूर्व प्राचार्य बाबूलाल जांगिड व भीवाराम कोलिडा आदि थे। मन्दिर प्रांगण में उच्च जलाशय निर्माण करवाने वाले दानदाता एवं भामाशाह बसावा निवासी श्री कालूराम जांगिड का माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर, साफा बंधवाकर एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। यह जलाशय उनके सुपौत्र आदित्य कुमार की याद में बनाया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। लखन शर्मा (जांगिड) ने बताया दानदाताओं की खरी कमाई कभी व्यर्थ नहीं जाती क्योंकि दानदाता द्वारा समाज हित में लगाया गया पैसा उनके द्वारा अपनी लगन एवं मेहनत का होता है। बेटी-बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संकल्प के साथ जल दिवस पर पानी बचाओ, जीवन बचाओ का भी संकल्प लिया। संस्थान के अध्यक्ष श्री बजरंग लाल जांगिड ने आभार व्यक्त किया। मंच संचालन श्री रामदेव जांगिड प्रभाती लाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रभातीलाल जांगिड, सुभाष जांगिड, कन्हैयालाल जांगिड, मक्खन लाल जांगिड कोटड़ी, शिवदयाल भादवासी, रामगोपाल पंवार, प्रेमचन्द मण्ढा, मेघाराम, लालचन्द, बशेसर, महावीर प्रसाद जारवल, राजेन्द्र जांगिड सीकर सहित सैंकड़ों समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही।

## जांगिड ब्राह्मण समाज धर्मशाला समिति नई नाथ धाम बांसखोह तथा तह. सभा बस्सी द्वारा प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

24-25 मार्च, 2018 को जांगिड ब्राह्मण समाज धर्मशाला समिति नई नाथ धाम बांसखोह, तह. बस्सी, जिला सभा जयपुर द्वारा समाज बन्धुओं के सहयोग से प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन जांगिड ब्राह्मण समाज धर्मशाला नईनाथ धाम में किया गया। जिसमें 22 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। 24 मार्च, 2018 को वर-वधु, अतिथि आगमन हुआ, श्री गणेश स्थापना की गई तथा सांयकाल कलश शोभा यात्रा निकाली गई। थाम स्थापना कार्यक्रम हुआ भात (मायरा), महिला संगीत सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्रि को हुआ। इससे पूर्व स्वरूचि भोज का आयोजन भी रखा गया।

25 मार्च, 2018 (रामनवमी) को प्रात: वर शोभा यात्रा (निकासी) बैंडबाजों के साथ निकाली गई। श्री विश्वकर्मा जी का पूजन हुआ। बारात का स्वागत किया गया तथा स्टेज पर वर-वधु वरमाला का विधिवत आयोजन हुआ। तोरण की रस्म अदा की गई तथा वर-वधु पाणिग्रहण संस्कार हेतु यज्ञ शाला में पहुँचे, जहाँ विधि विधान से योग्य पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ नवदम्पत्तियों का पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न हुआ। हजारों की संख्या में समाज बन्धुओं व महिलाओं एवं बच्चों ने अपनी उपस्थिति जां.वि. सम्मेलन में दर्ज कराई। सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित थीं। भोजन व्यवस्था भी सुन्दर रही। महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई। दोपहर को सामाजिक सम्मेलन एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि श्री गिरधारी लाल जांगिड (गोवा) प्रदेशाध्यक्ष कर्नाटक थे तथा समारोह की अध्यक्षता श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान द्वारा की गई। अति विशिष्ट अतिथियों में श्री हनुमान प्रसाद जांगिड अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा विकास ट्रस्ट जयपुर, श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री हनुमान जी लखनपुरी दुर्गापुरा, श्री बाबूलाल जी गोगोरिया अध्यक्ष (समिति)।

विशिष्ट अतिथियों में श्री सुरेन्द्र कासलीवाल उपप्रधान महासभा, श्री बृजमोहन जांगिड (समेल) उपप्रधान महासभा, श्री जगदीश डूंारी उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री लक्ष्मीनारायण सिंघानिया संगठन मंत्री, श्री रामजीलाल जांगिड संगठन मंत्री महासभा, श्री राधेश्याम जांगिड कार्यालय मंत्री महासभा,

श्री मुकेश समलेटी राष्ट्रीय प्रभारी जनगणना महासभा, श्री नरेन्द्र जांगिड कोषाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री मोहनलाल खटवाड़िया चुनाव अधिकारी प्रदेश सभा, श्री नवलकिशोर शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री आर.डी. शर्मा पूर्व अध्यक्ष विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति जयपुर, श्री भगवान सहाय कड़वाणिया कोषाध्यक्ष जिला सभा जयपुर, श्री घनश्याम जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष दौसा, श्री छोटी लाल जांगिड अध्यक्ष (सा.वि. सम्मेलन सांगानेर), श्री कन्हैयालाल धामा पचार, श्री धन्नालाल पूर्व अध्यक्ष एवं श्री रामेश्वर प्रसाद (मांगरोल) अध्यक्ष जांगिड समाज हस्तकला राज. जयपुर आदि तथा सम्माननीय अतिथिगणों में श्री सूरजमल जी एवं श्री रामस्वरूप जी नींदड़ वाले, श्री बाबूलाल दणाऊ तहसील अध्यक्ष सांगानेर, श्री चौथमल जांगिड सांगानेर, श्री दामोदर प्रसाद सरपंच तीतरिया, श्री लल्लूराम जांगिड तह. अध्यक्ष जमुआरामगढ़, श्री पी.डी. शर्मा वास्तुविज्ञ, श्री कैलाश चन्द जांगिड अर्जुन नगर दुर्गापुरा, श्री कमलेश जांगिड अध्यक्ष, राजेश जांगिड पूर्व अध्यक्ष शाखा सभा रामपुरा रोड़, श्री मूलचन्द लावण्डीवाल ब्लॉक अध्यक्ष सी-स्कीम, श्री बाबूलाल जांगिड, श्री मदनलाल जांगिड तूंगावाले, श्री हनुमान सहाय कींजा अध्यक्ष जां. हस्तकला सेवा समिति राज. जयपुर, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे एवं श्री हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा, श्री गजानन्द जांगिड अध्यक्ष ढेहर के बालाजी, श्री जगदीश प्रसाद झालुण्दा, श्री मोहनलाल जांगिड रेटा, श्री रामकिशोर रावत एवं श्री रामकिशन रावत दौसा, श्री हजारी लाल जांगिड बांसखोह आदि मंचासीन हुए।

सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर, साफा तथा प्रतीक चिह्न भेंट कर श्री रामबाबू रावत सम्मेलन अध्यक्ष, श्री मदनलाल टोड़ा (स. उपप्रधान), श्री बाबूलाल एवं श्री मदनलाल तूंगा, श्री भैरूलाल चिचावा महामंत्री, श्री कैलाश चन्द बन्दूक्या एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि एवं अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम हुआ।

मंच संचालन श्री सुरेश पिलवाल पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर द्वारा किया गया।

इस अवसर पर श्री गिरधारी लाल गोवा, श्री घनश्याम पंवार, श्री लखन शर्मा, श्री नवल किशोर शर्मा द्वारा उद्‌बोधन दिया गया, जिसमें सम्मेलनों की महत्ता तथा प्रारंभ से हुए सम्मेलनों की जानकारी दी तथा समिति को इस प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन की व्यवस्थित सुव्यवस्था एवं सफलता के लिए साधुवाद तथा अतिथियों द्वारा वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। उपहार स्वरूप प्रत्येक जोड़ों को सोने की नथ, टीका, टॉप्स, पाइजेब चांदी की, एक चांदी का 2000रु. का नोट, चांदी की शील्ड, कचौला, चुटकिया, 15 हजार की राशि सरकार की ओर से प्रत्येक वधुओं को अलग से प्रदान की जाएगी।

अन्त में सम्मेलन अध्यक्ष श्री रामबाबू रावत ने सभी अतिथियों एवं समाज बन्धुओं का आभार प्रकट किया।

## जोधपुर में विश्वकर्मा समाज में राजनैतिक चेतना मंथन सेमीनार सम्पन्न

11 मार्च, 2018 को जांगिड पंचायत भवन शास्त्री नगर, जोधपुर में अखिल भारतीय विश्वकर्मा छात्र एवं युवा संघ और श्री विश्वकर्मा राजनैतिक उत्थान समिति के संयुक्त तत्वावधान में सुथार जांगिड समाज की ओर से राजनैतिक चेतना मंथन सेमीनार का आयोजन हुआ।

भगवान श्री विश्वकर्मा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात् कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। सेमीनार के मुख्य वक्ता प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य श्री पुखराज पाराशर ने समाज से जुड़े हर विषय पर युवाओं की महत्ती भूमिका पर जोर देने का संदेश दिया। सेमीनार की रूपरेखा भी प्रस्तुत की। अ.भा. विश्वकर्मा छात्र एवं युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश लेखराव ने राजनीति में उचित मुकाम हासिल करने हेतु संगठित रहने की बात कही तथा आगन्तुक अतिथियों का परिचय करवाया। अ.भा. विश्वकर्मा छात्र एवं युवा संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. भरत जांगिड ने बताया कि इस अवसर पर सादुलशहर विधान सभा क्षेत्र से पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी श्री जगदीश चन्द जांगिड, प्रदेश भाजपा कार्य समिति सदस्य, श्री रामगोपाल सुथार बीकानेर, नागौर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री रामचन्द्र उत्ता आदि ने सेमीनार में समाज बन्धुओं को सम्बोधित किया।

तत्पश्चात् समाज बन्धुओं ने समाज के राजनैतिक उत्थान एवं प्रतिभागिता कैसे बढ़े इस हेतु अपने-अपने सुझाव दिए गए। सुझावों के आधार पर सभी समाज बन्धुओं ने एक राय होकर निर्णय लिया कि जांगिड, सुथार, विश्वकर्मा समाज की ओर से केवल समाज के ही प्रत्याशी को वोट दिया जाएगा। समाज पूर्णरूपेण लामबन्ध हुआ कि समाज किसी पार्टी विशेष का समर्थन नहीं करेगा। जो पार्टी समाज को महत्व देते हुए उम्मीदवारी देगी समाज उसका साथ देगा। जांगिड सुथार समाज किसी भी परिस्थिति में समाज की उपेक्षा करने वाली राजनैतिक पार्टी को समर्थन नहीं देगा। आगामी सरपंच, पंचायत समिति, जिला परिषद, विधान सभा तथा लोक सभा चुनाव अन्तर्गत समाज अपनी उम्मीदवारी में अहम रूप से भूमिका निभायेगा तथा समाज बन्धु के साथ पूरा समाज तन, मन व धन से खड़ा रहेगा। समाज के सभी राजनैतिक नेताओं एवं प्रतिनिधियों, मंदिर संस्थाओं के प्रमुख प्रबुद्धजनों, समाज सेवियों, उद्यमियों ने उपरोक्त निर्णयों पर समर्थन किया।

इस अवसर पर सादुलशहर विधान सभा से पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी श्री जगदीश चन्द्र जांगिड, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य श्री रामगोपाल सुथार बीकानेर, नागौर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री रामचन्द्र उत्ता, श्री अमराराम जांगिड, श्री भगवानराम फौजी, एडवोकेट पुखराज जांगिड, श्री संजय बुढड़, एडवोकेट कन्हैयालाल जांगिड, प्रदेशाध्यक्ष श्री बी.एन. राजोतिया, श्री रतन सुथार, श्री अर्जुन सुथार, श्री धीरज जांगिड, श्री राज जांगिड फिल्म अभिनेता, तारा नगर पालिका चेयरमेन श्री राकेश जांगिड, बीकानेर से श्री भंवर जांगिड, श्री विमल भदरेचा, श्री पंकज सुथार, श्री हेमन्त सुथार, श्री सुमित जांगिड, सरपंच युवी नोखा, श्री कन्हैयालाल जांगिड, रेखा राजोतिया, डॉ. मीना जांगिड, श्री जीत जांगिड सिवाफा, पार्वती जांगिड आदि समाज बन्धु उपस्थित रहे।

## जांगिड हस्तकला सेवा समिति राज. जयपुर का शपथ ग्रहण एवं होली मिलन समारोह सम्पन्न

11 मार्च, 2018 को जां. हस्तकला सेवा समिति राज. जयपुर की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह विश्वकर्मा मन्दिर कटेवा नगर, गुर्जर की थड़ी, जयपुर में सम्पन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता श्री घनश्याम पंवार (जांगिड) जिलाध्यक्ष जयपुर द्वारा की

गई। मुख्य अतिथि के रूप में श्री बृजमोहन जांगिड (समेल वाले) उपप्रधान महासभा, श्री ओमप्रकाश लावण्डीवाल (पूर्व अध्यक्ष सोडाला समिति) उपप्रधान महासभा, श्री बाबूलाल सरपंच (अध्यक्ष जांगिड विकास समिति सोडाला जयपुर) उपप्रधान महासभा रहे। विशिष्ठ अतिथि श्री रमेश चन्द्र शर्मा महामंत्री जिलासभा, श्री चन्द्रदत्त जांगिड अध्यक्ष जांगिड विकास समिति दादी का फाटक, श्री नवल किशोर शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री महेन्द्र पंवार जांगिड युवा शक्ति, श्री राधेश्याम चिचावा कार्यालय मंत्री महासभा आदि मंचासीन हुए।

श्री घनश्याम पंवार, श्री बृजमोहन जांगिड, श्री सुल्तान सिंह जांगिड, श्री रोहिताश्व जांगिड आदि द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी का माल्यार्पण किया गया तथा जिलाध्यक्ष द्वारा श्री ब्रह्म ऋषि अंगिरा की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया।

सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर समिति के पदाधिकारी व पूर्व पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया।

इस अवसर पर नवगठित कार्यकारिणी को श्री घनश्याम पंवार, श्री बृजमोहन जांगिड, श्री बाबूलाल जांगिड एवं अन्य अतिथियों द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

मंच संचालन श्री महेश जांगिड द्वारा किया गया। उन्होंने समिति की गतिविधियों के बारे में अवगत कराया, वहीं श्री बृजमोहन जांगिड द्वारा प्रारंभ से लेकर वर्तमान तक के सफर से रूबरू कराया।

श्री सुरेन्द्र कासलीवाल, श्री वेद प्रकाश जी, श्री बाबूलाल जी दादी का फाटक, श्री राधेश्याम तीतरवाडिया, श्री तेज कुमार आर्टिस्ट, श्री देवदत्त जांगिड जिलाध्यक्ष कारपेन्टर एसोसिएशन, श्री लल्लूलाल जांगिड शाखा सभा अध्यक्ष झोटवाड़ा, श्री सुल्तान सिंह, श्री रोहिताश्व जांगिड, श्री राधेश्याम जांगिड, श्री प्रहलाद राय जांगिड, श्री महेश जी, श्री बृजमोहन जी, श्री हरिनारायण जी पूर्व अध्यक्ष जांगिड हस्तकला सेवा समिति का भी माल्यार्पण कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर समाज के प्रबुद्धगणों में श्री मनोज जांगिड युवा अध्यक्ष समिति, श्री घासीलाल जांगिड पूर्व तह. अध्यक्ष फागी रेनवाल, श्री भगवान सहाय कड़वाणिया कोषाध्यक्ष जिला सभा, श्री मोहनलाल बारू, श्री किशन लाल पिलवाल, श्री गिरिराज प्रसाद जांगिड सिरस वाले, श्री बाबूलाल जांगिड उखलाना, श्री सोहनलाल रेटा, श्री जगदीश रेटा, श्री घनश्याम जांगिड, श्री मालीराम जांगिड, श्री प्रहलाद उबाणा, श्री राजेन्द्र जांगिड शिव कॉलोनी, श्री नवरतन जांगिड पूर्व महामंत्री समिति, श्री दामोदर प्रसाद धामा, श्री विनोद कुमार जांगिड युवा शक्ति, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे उपस्थित हुए।

अतिथियों द्वारा उद्‌बोधन हुआ तथा समाज संगठन, शिक्षा आदि पर अपने विचार से समिति की संचालित गतिविधियों के लिए धन्यवाद दिया।

समिति के वर्तमान अध्यक्ष श्री हनुमान सहाय कींजा, महामंत्री श्री राजेश कींजा, कोषाध्यक्ष श्री रमेश जांगिड एवं समिति के अन्य पदाधिकारियों द्वारा सभी आगन्तुक समाज बन्धुओं, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री चिमन लाल दैमण, संगठन मंत्री श्री रामधन जांगिड, प्रचार मंत्री मोहन जांगिड एवं अतिथियों का आभार प्रकट किया तथा सभी को भोजन के लिए आमंत्रित किया।

## प्रदेशसभा उत्तर प्रदेश की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

18 मार्च, 2018 को ईशिका फार्म हाऊस दांत्तल रोड़, कंकर खेड़ा मेरठ में अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रदेश सभा उत्तर प्रदेश की नवगठित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री रविशंकर जांगिड राष्ट्रीय प्रधान महासभा दिल्ली एवं श्री लीलूराम जांगिड चेयरमैन शिरोमणी सभा दिल्ली थे। समारोह की अध्यक्षता श्री राधेश्याम जांगिड प्रदेशाध्यक्ष उत्तर प्रदेश द्वारा की गई। अतिविशिष्ठ अतिथियों में श्री विद्यासागर जांगिड वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री मामचन्द जांगिड विश्वकर्मा इंजिनियरिंग वर्क्स कंकर खेड़ा मेरठ, श्री रघुवीर सिंह आर्य प्रसिद्ध समाज सेवी शामली, श्री महेन्द्र सिंह स्पेशियल जुडिशियल मजिस्ट्रेट सिंचाई विभाग, श्री छाया शर्मा सिविल मजिस्ट्रेट सीनियर डिविजन मुजफ्फर नगर मेरठ, श्री नवनीत कुमार शर्मा अपर जिला शासकीय अधिवक्ता बुलन्द शहर। विशिष्ठ अतिथियों में श्री आर.पी. सिंह प्रभारी दिल्ली प्रदेश, श्री पूरण चन्द आर्य पूर्व प्रदेशाध्यक्ष (उ.प्र.), श्री अभिनन्दन कुमार शर्मा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष उ.प्र., श्री विरेन्द्र कुमार शर्मा पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महासभा दिल्ली, विकास शर्मा अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मेरठ, श्री श्रीपाल जांगिड ठेकेदार मेरठ थे। स्वागताध्यक्ष श्री ब्रह्मदत्त शर्मा (बिल्ले), जिलाध्यक्ष मेरठ, श्री नरेन्द्र फौजी विश्वकर्मा बिल्डिंग मेटेरियल कंकर रोड़ मेरठ, श्री बी.एस. शर्मा थे। ध्वजारोहण अतिथि टूल्स (गाजीयाबाद) थे। अन्य मंचासीन अतिथियों में श्री चन्द्रपाल भारद्वाज महामंत्री महासभा दिल्ली, श्री शंकर लाल जांगिड कोषाध्यक्ष महासभा, श्री डॉ. शेरसिंह जांगडा प्रदेशाध्यक्ष हरियाणा, श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, श्री श्याम लाल शर्मा प्रदेशाध्यक्ष उत्तराखण्ड, श्री पी.डी. शर्मा प्रदेशाध्यक्ष मध्यप्रदेश, श्री विकास शर्मा, श्री विजय शर्मा, श्री श्याम सिंह, श्री अभिनन्दन पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, श्री डी.एल. शर्मा, श्री पी.डी. शर्मा, श्री रतनलाल फरीदाबाद, श्री रामपाल दिल्ली, श्री राम जी, श्री अनिल कुमार सी.ए. दिल्ली, श्री श्याम सिंह मेरठ, श्री हरपाल जी, अरविन्द जी मेरठ, श्री शिवनारायण जी देवास, श्री ज्ञानेन्द्र जी गाजियाबाद, श्री रमेश जी हरिद्वार, श्री सी.पी. शर्मा पूर्व विशेष सचिव लखनऊ, मोनिका शर्मा, डॉ. रमण श्री एन.पी. शर्मा मथुरा, श्री सीताराम शर्मा से.नि. जज आदि मंचासीन हुए। सभी अतिथियों का माल्यार्पण, पगड़ी, दुप्पट्टा एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया गया। मंच संचालन श्री यशपाल एस. जांगिड (व. उप मंत्री एवं प्रदेश प्रवक्ता उ.प्र.) एवं श्री चन्द्रपाल भारद्वाज महामंत्री महासभा दिल्ली द्वारा किया गया।

विश्वकर्मा प्रार्थना का समाज बन्धु द्वारा गायन हुआ। सभी अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन किया गया तथा झण्डारोहण अतिथियों द्वारा किया गया।

अतिथियों द्वारा नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर श्री पी.डी. शर्मा प्रदेशाध्यक्ष म.प्र. द्वारा

प्रदेशाध्यक्ष श्री श्याम लाल जी, डॉ. शेरसिंह जांगडा एवं श्री राधेश्याम जांगिड का भी उनकी ओर से स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश की शाखा सभा बड़ौदा एवं जिला सभा बड़ौदा, जिला सभा मथुरा एवं शाखा सभा तथा जिला सभा शामली की कार्यकारिणी को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर श्री राधेश्याम जांगिड प्रदेशाध्यक्ष का भी भव्य सम्मान किया गया।

डॉ. शेरसिंह जांगडा हरियाणा, श्री अनिल शर्मा मेरठ, श्री लखन शर्मा जयपुर, श्री बी.एस. शर्मा दिल्ली, श्री रविशंकर जांगिड राष्ट्रीय प्रधान द्वारा उद्‌बोधन हुआ, जिसमें समाज संगठन, शिक्षा एवं राजनैतिक क्षेत्र में वर्चस्व बढ़ाने की अपील की। श्री कल्याण देव स्कूल से छात्र-छात्राएं व अध्यापक महोदय का माल्यार्पण एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया।

**इससे पूर्व राष्ट्रीय प्रधान श्री रविशंकर जांगिड का भव्य स्वागत गाजे-बाजे के साथ खुली जीप में बैठाकर मंच तक लाया गया, जिसमें श्री राधेश्याम जांगिड प्रदेशाध्यक्ष उत्तर प्रदेश, श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राज. आदि थे। उत्तर प्रदेश के समाज बन्धुओं ने कार्यकारिणी के सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा प्रधान जी का स्वागत किया।**

पाण्डाल खचाखच भरा हुआ था। प्रात: सभी के लिए जल-पान की व्यवस्था थी। समारोह में श्री रामनिवास जी, श्री बुद्धि प्रकाश जी, श्री ब्रह्मदत्त जी, श्री जयपाल जी, श्री ओंकार जी देवास, श्री जगदीश प्रसाद दिल्ली, श्री रामपाल जी दिल्ली, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे जयपुर, डॉ. श्रीमती शील शर्मा, श्रीमती लक्ष्मी शर्मा, श्रीमती पुष्पा श्री मोदी नगर, मास्टर श्री दिनेश जी, श्री उपेन्द्र विश्वकर्मा, श्री आर.डी. शर्मा गाजियाबाद, श्री अनिल जी गंगा विहार सहित सैंकड़ों समाज बन्धु उपस्थित हुए। अन्त में श्री राधेश्याम जांगिड प्रदेशाध्यक्ष उ.प्र. द्वारा सभी आगन्तुक अतिथियों का जो दूर-दराज से अपना समय निकाल कर मेरठ पहुँचे एवं सभी उपस्थित समाज बन्धुओं का हृदय से आभार प्रकट किया तथा सभी को सहभोज के लिए आमंत्रित किया।

## राष्ट्रीय प्रधान महासभा का सम्मान एवं चित्तौड़गढ़ छात्रावास की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

20 मार्च, 2018 को जिला सभा चित्तौड़गढ़ द्वारा सम्मान समारोह एवं छात्रावास समिति की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन छात्रावास भवन चित्तौड़गढ़ में किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) राष्ट्रीय प्रधान अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली रहे तथा समारोह की अध्यक्षता श्री श्रीपाल सुथार ने की। विशिष्ट अतिथियों में श्री विजय कुमार जी, श्री हीरालाल जी, श्री गजानन्द जांगिड (एक्स.ई.एन.) जयपुर, श्री बृजमोहन जांगिड उपप्रधान महासभा, श्री मालीराम जांगिड उपाध्यक्ष प्रदेश सभा राज., श्री राहुल शर्मा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) जयपुर, श्री छगनलाल जी उपप्रधान महासभा, श्री रमाकान्त जी, श्री नानालाल जी, श्री रामप्रसाद सुथार जिलाध्यक्ष चित्तौड़गढ़ आदि मंचासीन हुए।

अतिथियों द्वारा विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलन किया गया। सभी अतिथियों का जिला सभा के पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण एवं पगड़ी पहनाकर सम्मान किया।

श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) का सभी उपस्थित समाज बन्धुओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर श्री श्रीपाल सुथार, श्री बृजमोहन जांगिड, श्री राहुल शर्मा, श्री नानालाल जी, श्री बोदूलाल जी, श्री आर.पी. शर्मा, श्री गिरधारी लाल जी अध्यापक द्वारा मंच से सम्बोधित किया गया, जिसमें सभी ने छात्रावास भवन की प्रशंसा की, जोकि एक मुख्य मार्ग पर स्थित है। दो मंजिला बना हुआ है तथा तीसरी मंजिल का कार्य निर्माणाधीन है। छात्रावास की भूमि क्रय करने एवं भवन निर्माण तक का कार्य श्री रविशंकर जी के सान्निध्य में समाज बन्धुओं के सहयोग से हुआ। आज जिसकी कीमत लगभग पचास करोड़ है। विश्वकर्मा भगवान के मंदिर निर्माण कार्य भी चल रहा है। सभी समाज बन्धुओं ने यहाँ प्रारंभ से ही एकता का परिचय दिया है और आज भी एकता का परिचय देखने को मिला, जिसमें श्री रविशंकर जी (प्रधान) द्वारा घोषित छात्रावास की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा कर दी, जिसकी सभी ने करतल ध्वनि एवं हाथ उठाकर अपनी सहमति प्रदान की।

कार्यकारिणी में श्री छगनलाल जांगिड अध्यक्ष, श्री विजय कुमार जी संरक्षक, श्री रविशंकर जी संरक्षक, श्री राधेश्याम जी संरक्षक, श्री हीरालाल जी संरक्षक, श्री श्रीपाल सुथार कार्यकारी अध्यक्ष, श्री हीरालाल जांगिड उपाध्यक्ष, श्री रमेश भिराणिया महासचिव, श्री बाल जी सुथार महासचिव, श्री रमेश जी दूधवाले कोषाध्यक्ष, श्री रोहिताश जी संगठन मंत्री, श्री रमाकान्त जी प्रचार मंत्री, श्री विजय कुमार जी शम्भुपुरा प्रचार मंत्री शामिल हैं।

सभी पदाधिकारियों को महासभा प्रधान श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

मंच संचालन श्री गिरधारी लाल सुथार (अध्यापक) द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री शम्भुलाल जी, श्री माधव लाल, श्री बाबूलाल, श्री कन्हैयालाल, श्री पूरण जी, श्री प्रमोद जी, श्री चर्तुभुज जी, श्री चम्पालाल जी, श्री रामचन्द्र जी, श्री बाबूलाल जी, श्री कैलाश जी, श्री उदयलाल जी, श्री सोहनलाल जी, श्री रतन लाल जी, श्री बंशीलाल जी, श्री गोपीलाल जी, श्री भगवान लाल जी, श्री बालूराम जी, श्री मांगीलाल जी, श्री रामेश्वर जी, श्री शिव लाल जी, श्री नाथूलाल जी, श्री रमाकान्त जी, श्री महेश कुमार, श्री विजय कुमार, श्री दौलतराम, श्री मोहनलाल जी, श्री भैरूलाल जी, श्री जमुनालाल जी, श्री शंकर लाल जांगिड जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ भीलवाड़ा, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे जयपुर सहित सैंकड़ों समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही।

प्रधान जी द्वारा सभी उपस्थित एवं जिला सभा कार्यकारिणी को धन्यवाद दिया। उन्होंने संगठन पर बल देते हुए कहा कि सदैव संगठन को मजबूती प्रदान करते रहना। उन्होंने चित्तौड़ के समाज बन्धुओं को सहयोग के लिए भी धन्यवाद दिया। उन्होंने महासभा द्वारा दी जा रही छात्रवृत्ति के लिए भी अवगत करवाया राजनैतिक क्षेत्र में समाज को आगे लाने के लिए 2 एम.एल.ए. के टिकिट भाजपा तथा 2 एम.एल.ए. के टिकिट कांग्रेस से

लेने की बात कही तथा अगर ऐसा नहीं होता है तो हम इन पार्टियों को हराने की क्षमता तो रखते ही हैं। भविष्य में 25,000 समाज बन्धुओं को एकत्रित कर एक डेलीगेशन भी देने का इरादा है।

जयपुर–चित्तौड़ मार्ग पर माण्डलगढ़ में ''चित्तौड़गढ़ पहुँचने से पूर्व अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा भीलवाड़ा के युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्री शंकर लाल जांगिड की कार्यकारिणी के पदाधिकारीगण एवं सदस्यों में श्री रतनलाल जांगिड (सचिव), श्री अशोक जांगिड, श्री मुकेश जांगिड, श्री सुरेश जांगिड, श्री गोपाल जांगिड, श्री महावीर जांगिड, श्री कैलाश जांगिड, श्री रामगोपाल जांगिड, श्री श्यामलाल जांगिड, श्री अनिल जांगिड, श्री मुकेश जांगिड, श्री बंशीलाल जांगिड, श्री विष्णु जांगिड, श्री आशीष जांगिड, श्री राजू जांगिड आदि द्वारा माण्डलगढ़ के पास होटल आशीर्वाद में श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) राष्ट्रीय प्रधान, श्री गजानन्द जांगिड एक्स.ई.एन., श्री बृजमोहन जांगिड उपप्रधान, श्री राहुल जांगिड पूर्व प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, श्री मालीराम जांगिड प्रदेश उपाध्यक्ष, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा जलपान की व्यवस्था की।''

अन्त में अध्यक्ष श्री हीरालाल जी द्वारा सभी अतिथियों एवं समाज बन्धुओं का आभार प्रकट किया तथा सभी को सहभोज के लिए आमंत्रित किया।

### अ.भा.जां.ब्रा. महासभा तहसील सभा लवाण (दौसा) की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

1 अप्रैल, 2018 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा तहसील सभा लवाण (दौसा) की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह विश्वकर्मा मन्दिर प्रांगण में आयोजित किया। जिसके मुख्य अतिथि डॉ. मुकेश समलेटी राष्ट्रीय जनगणना प्रभारी महासभा थे।

श्री राधेश्याम रावत तहसील अध्यक्ष सहित 25 सदस्यीय कार्यकारिणी को डॉ. समलेटी द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री घनश्याम जांगिड हरिपुरा पूर्व जिलाध्यक्ष दौसा, श्री हजारी लाल रावत, श्री मुकेश झाझवाड तह. अध्यक्ष बस्सी तथा श्री तेजकरण धनावड़ तथा कई तहसील अध्यक्ष, श्री रामकिशोर रावत, श्री लक्ष्मीनारायण रावत मूर्तिकार दौसा की अध्यक्षता रही।

नवगठित कार्यकारिणी में : श्री राधेश्याम रावत अध्यक्ष, भारत जांगिड सचिव, गिरिराज भूतपूरिया कार्यकारी अध्यक्ष, बजरंग लाल बिगास महामंत्री, माधोलाल बिवाल कोषाध्यक्ष, ओमप्रकाश भूतपूरिया सह. कोषाध्यक्ष, सत्यनारायण विगास वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रकाश चन्द जी लवाण उपाध्यक्ष, गोपाल रावत उपाध्यक्ष, रामअवतार रावत उपाध्यक्ष, जगदीश जी बनियाना उपाध्यक्ष, दीपक जी लवाण संगठन मंत्री, बबलू रावत संगठन मंत्री, घनश्याम जी बिवाल संगठन मंत्री, शम्भु रावत सलाहकार एवं सदस्यगण।

समारोह का प्रारंभ मुख्य अतिथि एवं अतिथियों द्वारा विश्वकर्मा जी एवं गणेश जी की पूजा–अर्चना के साथ हुआ। अतिथियों का सम्मान श्री राधेश्याम जांगिड रावत तहसील अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर, साफा बंधवाकर तथा प्रतीक चिह्न भेंटकर किया गया।

मंच संचालन श्री एडवोकेट राजेन्द्र जी कुन्दन, महेन्द्र जांगिड खवा राव जी द्वारा किया गया।

अतिथियों द्वारा उद्‌बोधन हुआ तथा अन्त में अध्यक्ष द्वारा सभी का आभार प्रकट किया तथा सभी को सहभोज के लिए आमंत्रित किया।

### श्री विश्वकर्मा मन्दिर फल सूण्ड (जैसलमेर) में भव्य प्राण–प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन

23 अप्रैल, 2018 से 27 अप्रैल, 2018 तक 5 दिवसीय भव्य मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन श्री विश्वकर्मा भगवान मन्दिर फल सूण्ड (जैसलमेर) में सुथार समाज सेवा संस्थान फलसूण्ड द्वारा आयोजित किया जायेगा।

कार्यक्रम : 23 अप्रैल, 2018 को प्रात: 8 बजे शोभा यात्रा, 9.15 बजे गणेश पूजन।

24 अप्रैल, 2018 को वास्तु पूजन प्रात: 8 बजे, हवन प्रात: 10 बजे, मूर्तियों का अन्नधिवास तथा सुन्दरकाण्ड पाठ सायं 7 बजे।

25 अप्रैल, 2018 को क्षेत्रपाल योगिनी मण्डल पूजन, मूर्तियों का पुष्पाधिवास एवं फलाधिवास, हवन प्रात: एवं विश्वकर्मा जी मंत्र जाप।

26 अप्रैल, 2018 को प्रात: विष्णु सहस्रनाम पाठ, हवन, सर्कदेन मण्डल पूजन तथा मूर्तियों का जलाधिवास व शैय्याधिवास, रात्रि जागरण व मुख्य बोलियों का आयोजन होगा।

27 अप्रैल, 2018 को मूर्तियों की प्राण–प्रतिष्ठा, शिखर, कलश (इण्डा) स्थापना तथा अमर ध्वजा स्थापना प्रात: 7.15 से 9 बजे तक, यज्ञ की पूर्णाहूति प्रात: 10.15 बजे तथा महा आरती प्रात: 10.30 बजे, विधायक महोदय द्वारा निर्मित भवन का लोकार्पण प्रात: 11.15 बजे, महासभा अतिथि सत्कार, संत आशीर्वचन, भामाशाह व कार्यकर्ता सम्मान तदोपरान्त महाप्रसादी का कार्यक्रम होगा।

### कारपेन्टर एसोसिएशन विकास समिति राज., जिला जयपुर का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

7 अप्रैल, 2018 को कारपेंटर एसोसिएशन विकास समिति राजस्थान, जिला जयपुर के अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष श्री रामचरण जांगिड ने की। कार्यक्रम में कोटा अध्यक्ष साबिर भाई, सचिव मुकेश जी व अलवर अध्यक्ष जे.पी. जांगिड पधारे। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वकर्मा पूजा से हुई। आगन्तुक मेहमानों को मंचासीन कराया गया, जिसमें प्रदेश संरक्षक रामावतार पिलवाल, कोटा अध्यक्ष, अलवर अध्यक्ष, स्पॉन्सर शिव शक्ति प्लाई से हिमांशु जी, यूरो से दीपक चतुर्वेदी, राजेन्द्र जांगिड, आसाम टिम्बर से मनोज जैन, न्यू प्लाई वुड से कमल जी शाह, जिला प्रथम कोषाध्यक्ष अशोक हरसोलिया, जिला संरक्षक कैलाश जी, आर.के. व सुभाष जी आदि गणमान्य व्यक्तियों के अलावा जिले की सभी शाखा अध्यक्षों ने भी शिरकत की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने शाखा अध्यक्षों का सम्मान किया। भारी संख्या में कारपेंटर बन्धु उपस्थित हुए। आगन्तुक सभी मेहमानों ने अपने अभिभाषण में कार्यक्रम की सराहना करते हुए नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का समापन नए अध्यक्ष देवदत्त जी के अभिभाषण व विश्वकर्मा आरती के साथ सम्पन्न हुआ और सभी आगन्तुक मेहमानों ने स्वरूचि भोज का आनन्द लिया।

## युवक-युवती परिचय सम्मेलन बड़ के बालाजी, अजमेर रोड़, जयपुर में सम्पन्न

8 अप्रैल, 2018 को श्री अंगिरा युवा उत्थान समिति बगरू के तत्वावधान में 29 अप्रैल, 2018 को होने जा रहे सामुहिक विवाह सम्मेलन का परिचय सम्मेलन समारोह मन्दिर परिसर बड़ के बालाजी, अजमेर रोड़, जयपुर में आयोजित हुआ। समारोह की शुरूआत भगवान श्री गणेश जी व श्री विश्वकर्मा जी पूजन से श्री नन्दकुमार शर्मा मारूति कास्टिंग वालों के हाथों से हुई।

समारोह की अध्यक्षता श्री किशन लाल जांगिड कोटा वालों ने व झण्डा रोहण श्री गोपाल लाल किंजा बगरू वालों ने किया। समारोह का मंच संचालन श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष व श्री राधेश्याम आसल्या ने किया। विवाह सम्मेलन समिति के उपाध्यक्ष श्री शिवकुमार जी ने उनका सहयोग किया। समारोह में उपस्थित अतिथिगणों में श्री सत्यनारायण दायमा जिलाध्यक्ष अजमेर, श्री रामकिशोर जी पूर्व जिलाध्यक्ष सवाई माधोपुर, श्री सोहनलाल जाला तहसील अध्यक्ष फुलेरा, श्री रतन हर्षवाल तहसील अध्यक्ष दूदू, श्री शंकर बारू पूर्व तहसील अध्यक्ष फुलेरा, कल्पना धीमान दिल्ली, श्री नरेन्द्र शर्मा दिल्ली, श्री देवकरण जी अजमेर, श्री श्रवण जी हरनेर, श्री दामोदर जी शाहपुरा, श्री लालचन्द जी संरक्षक युवा शक्ति, श्री धर्मवीर जी राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा शक्ति व युवा शक्ति के श्री सत्यनारायण जी, श्री विनोद जी, श्री रामोतार जी (शिवसेना) श्री भीमराज आसल्या झोटवाड़ा, श्री रामस्वरूप जी डिग्गी, श्री नवल किशोर शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष, श्री भगवान सहाय नाडिया और भी भामाशाह व समाज बन्धु पधारे।

आए हुए अतिथियों का स्वागत सम्मान तहसील अध्यक्ष श्री हनुमान सहाय खिलकानिया, विवाह समिति के संयोजक श्री कैलाश चन्द लोईवाल, अध्यक्ष श्री कन्हैयालाल रावत, प्रधान श्री नानुराम रावत, उपप्रधान श्री बाबूलाल आसल्या, श्री जगदीश माकड, श्री लादूराम गोठवाल, श्री भंवर बरवाडिया, श्री शंकर बरवाडिया, अध्यक्ष अंगिरा युवा उत्थान समिति श्री लालचन्द बिराणिया, अध्यक्ष धर्मशाला अंगिरा युवा उत्थान समिति के श्री कैलाश किंजा, श्री सत्यनारायण माकड़, श्री गणेश पंवार, श्री दिनेश बरवाडिया, श्री राजेश पंवार, श्री मुकेश जालुण्डिया, श्री बजरंग पालडिया, श्री अशोक खिलकानिया श्री विनोद रावत, श्री विष्णु रावत आदि उपस्थित थे।

## जांगिड समाज का होली स्नेह मिलन समारोह व चिंतन शिविर सम्पन्न

17 मार्च, 2018 को आगरा रोड़ स्थित 52 फीट हनुमान मन्दिर परिसर में अ.भा. विश्वकर्मा जांगिड समाज के तत्वावधान में होली स्नेह मिलन एवं चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पूजा-अर्चना से हुआ। भगवान विश्वकर्मा व ऋषि अंगिरा के आदर्श पर समाज ने लोगों ने चलने का संकल्प लिया तथा समाज में फैली दहेज प्रथा, मृत्युभोज आदि को समाप्त करने की पहल की। हमारा समाज तो पैदायशी इंजीनियर है अपना हूनर रखते हैं, लेकिन अभी भी हम आर्थिक व राजनैतिक दृष्टि से काफी हद तक पिछड़े हुए हैं। राजनैतिक क्षेत्र में एक भी प्रत्याशी को समाज का प्रतिनिधित्व नहीं मिल पा रहा है, जांगिड समाज के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। इस मामले को आगे जांगिड विश्वकर्मा समाज देश के हर गाँव ढ़ाणी में रैली निकालकर व प्रदेश स्तर पर चिंतन शिविरों का आयोजन कर अहम् भूमिका निभायेगा।

कार्यक्रम में सुरेश जांगिड, हरिमोहन जांगिड, डॉ. अशोक जांगिड, रामकल्याण, बगराना सरपंच राजू लाल रैगर, सचिव हनुमान शर्मा, श्रीकान्त तिवारी वार्ड पंच सहित समाज के कई लोग उपस्थित हुए।

## चुनाव सूचना

### तहसील सभा जमवारामगढ़ (जयपुर) के अध्यक्ष पद का चुनाव 27 मई, 2018 को

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा तहसील सभा जमवारामगढ़ (जयपुर) के अध्यक्ष पद का त्रैवार्षिक कार्यकाल पूर्ण होने पर जिला सभा जयपुर द्वारा चुनाव कराने की अधिसूचना 27 मार्च, 2018 को जारी की गई।
* सदस्यता अभियान की अन्तिम तिथि : 26 अप्रैल, 2018 सायं 4 बजे तक। * नामांकन अध्यक्ष पद हेतु 20 मई, 2018 प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक। * नामांकन पत्रों की जाँच : 20 मई, 2018 दोपहर 1 बजे से 1.30 बजे तक। * नामांकन वापसी : 20 मई, 2018 मध्याह्न 1.30 से 3 बजे तक। * प्रत्याशियों की घोषणा : 20 मई, 2018 सायं 3.30 बजे। * मतदान (यदि आवश्यक हुआ) 27 मई, 2018 प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक। * चुनाव परिणाम : 27 मई, 2018 मतगणना पश्चात् * नामांकन एवं मतदान स्थल : हनुमान जी का मन्दिर, रोड़ा नदी, जमवारामगढ़ रोड़, जयपुर

### तहसील सभा बस्सी के अध्यक्ष पद का चुनाव 13 मई, 2018 को

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा तहसील सभा बस्सी, जयपुर (राज.) के अध्यक्ष पद का त्रैवार्षिक कार्यकाल पूर्ण होने पर जिला सभा जयपुर द्वारा चुनाव कराने की अधिसूचना 13 मार्च, 2018 को की गई।
* सदस्यता अभियान की अंतिम तिथि 12 अप्रैल, 2018 सायं 4 बजे तक। * नामांकन अध्यक्ष पद हेतु 6 मई, 2018 मध्याह्न 11 से 1 बजे तक। * नामांकन पत्रों की जाँच 6 मई, 2018 मध्याह्न 1 बजे से 1.30 बजे तक। * नामांकन वापसी 6 मई, 2018 मध्याह्न 1.30 से 3 बजे तक। * प्रत्याशियों की घोषणा 6 मई, 2018 सायं 3.30 बजे। * मतदान (यदि आवश्यक हुआ) 13 मई, 2018 प्रातः 11 से सायं 4 बजे तक। * चुनाव परिणाम 13 मई, 2018 मतगणना पश्चात्। * नोट : नामांकन एवं मतदान स्थल जांगिड छात्रावास सभा भवन एवं धर्मशाला श्रीजी नाथ बैनाड़ा, जयपुर

**-भगवान सहाय जांगिड** मुख्य चुनाव प्रभारी, जिला सभा जयपुर

## अ.भा.जां.ब्रा. महासभा, तहसील सभा फागी द्वारा खेड़ापति बालाजी (माधोराजपुरा) में नवनिर्मित धर्मशाला का लोकार्पण

1 अप्रैल, 2018 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा, तहसील सभा फागी द्वारा खेड़ापति बालाजी, माधोराजपुरा, तहसील-फागी, जिला-जयपुर में नवनिर्मित जांगिड ब्राह्मण धर्मशाला का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रवि शंकर जांगिड राष्ट्रीय प्रधान महासभा दिल्ली, अतिविशिष्ट अतिथि श्री

लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान तथा अध्यक्षता श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर ने की।

विशिष्ठ अतिथि श्री हनुमान प्रसाद कोलाया (कार्यकारी अध्यक्ष जिला सभा जयपुर), श्री बृजमोहन जांगिड (उपप्रधान महासभा), श्री भागचन्द जैन (सरपंच, माधोराजपुरा) व पूर्व प्रधान श्री सीताराम पारीक उपस्थित रहे।

अतिथिगणों में डॉ. अशोक जांगिड पूर्व उपप्रधान महासभा, श्री बाबूलाल जांगिड जिलाध्यक्ष टोंक, श्री रामनारायण ग्वाला अध्यक्ष सामूहिक विवाह सम्मेलन मालपुरा, श्री प्रभुदयाल जांगिड संपादक जांगिड ब्राह्मण पत्र दिल्ली, श्री रमेश चन्द्र शर्मा महामंत्री जिला सभा जयपुर, श्री मदनलाल सीलक, श्री राधेश्याम जांगिड कार्यालय मंत्री महासभा, श्री भगवान सहाय कड़वानिया जिला सभा से, महंत बाबूलाल पारीक खेड़ापति बालाजी, श्री नाथूलाल जांगिड अध्यक्ष गोनेर धर्मशाला, श्री हनुमान प्रसाद पंवार पूर्व अध्यक्ष जां. समाज हस्तकला सेवा समिति, श्री हनुमान सहाय कींजा अध्यक्ष जां. हस्तकला सेवा समिति गुर्जर की थड़ी, श्री चिमनलाल जांगिड पूर्व सरपंच मण्डावरी, श्री पूरण जी थली, श्री रामस्वरूप जी एवं श्री जगदीश जी स्वामी का बास चाकसू से, श्री कजोड़मल टोंक तहसील अध्यक्ष, श्री कैलाश जी जगतपुरा, श्री बंशीलाल जी एवं श्री मोहनलाल जी जगतपुरा, श्री सूरज जी कोटखावदा, श्री नारायण जी खेड़ी, श्री सीताराम बेवाल, श्री रूपनारायण बंबाला, श्री राम निवास जी चकवाड़ा, श्री सुरेश जी ढाणी सायपुरिया, श्री नवरतन जांगिड गुर्जर की थड़ी आदि उपस्थित रहे।

सर्व प्रथम महासभा प्रधान, प्रदेशाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष जयपुर का मुख्य द्वार पर ही भव्य सम्मान किया गया। तद्पश्चात् महासभा प्रधान द्वारा नवनिर्मित धर्मशाला का फीता काटकर उद्घाटन किया, जिसमें सभी अतिथियों ने उनका सहयोग किया।

सभी अतिथियों को मंचासीन करवाया गया तथा भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना कर, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया। सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं साफा बंधवाकर व प्रतीक चिह्न भेंट कर श्री घासीलाल जांगिड तहसील अध्यक्ष फागी, श्री छीतरमल जांगिड मंत्री तहसील सभा फागी एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया।

श्री छीतरमल जांगिड मंत्री द्वारा प्रतिवेदन पढ़ा गया। जिसमें 15 जुलाई, 2015 को प्रथम मीटिंग में यह निर्णय लिया गया कि खेड़ापति बालाजी एक धार्मिक स्थल है, जहाँ पर समाज बंधुओं द्वारा सवामणियाँ आयोजित होती रहती हैं। इसको मद्देनज़र रखते हुए धर्मशाला बनाने का निर्णय लिया गया। तहसील सभा फागी द्वारा 572 वर्गगज जगह 8 लाख, 91 हजार रुपए में ले ली गई। जगह कम होने की वजह से और अधिक जगह लेने की सोची लेकिन तहसील सभा के पास पर्याप्त धन नहीं होने के कारण अधिक जमीन क्रय करने में असमर्थता रही। इसी बीच समाज के भामाशाह श्री छीतरमल जांगिड (डिडावता) तहसील फागी ने इसमें अपना अनुकरणीय योगदान प्रदान कर उक्त जमीन के साथ 577 वर्गगज जमीन जिसकी कीमत 8 लाख 61 हजार रुपए थी खरीदकर तहसील सभा फागी को सुपुर्द कर दी। इस जमीन को खरीद लेने के कारण रोड़ की 283 वर्गगज जमीन भी धर्मशाला के खाते में आ गई। इस प्रकार कुल 1432 वर्गगज जमीन धर्मशाला के नाम हो गई।

धर्मशाला में स्थित बोरिंग का कार्य विधायक चाकसू द्वारा करवाया गया एवं श्री रूपचन्द जांगिड (महापुरा) द्वारा बोरिंग हेतु सामग्री प्रदान की गई।

तहसील सभा की कुल आय 28,66,167 रु. थी व खर्च 28,07,829 रुपए था। शेष खाते में 58,338 रु. का बैलेंस रहा।

इस प्रकार भामाशाह श्री छीतरमल जांगिड एवं उनका परिवार तथा श्री घासीलाल जांगिड तहसील अध्यक्ष फागी एवं उनकी कार्यकारिणी द्वारा किए गए इस कार्य को आने वाली पीढ़ियाँ भी याद करेंगी।

इस अवसर पर श्री छीतरमल जांगिड एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती गोपाल देवी जांगिड का महासभा प्रधान, प्रदेशाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष आदि द्वारा भव्य सम्मान किया गया।

इस अवसर पर महासभा प्रधान, प्रदेशाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, डॉ. अशोक जांगिड, श्री सीताराम पारीक, श्री भागचन्द जैन एवं श्री कैलाश जांगिड द्वारा उद्‌बोधन दिया गया, जिसमें सभी ने तहसील सभा फागी की कार्यकारिणी को बधाई दी। सामूहिक सम्मेलनों में मितव्ययता एवं एकरूपता लाना तथा भगवान विश्वकर्मा जी के नाम का प्रचार-प्रसार करना आदि विशेष शामिल रहे। मंच संचालन श्री सियाराम जांगिड युवा जिलाध्यक्ष टोंक द्वारा किया गया।

अंत में तहसील अध्यक्ष द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों एवं समाज बन्धुओं का आभार प्रकट किया गया एवं सहभोज के लिए आमंत्रित किया गया। भोजन प्रसादी तहसील अध्यक्ष श्री घासीलाल जी पीपला द्वारा प्रायोजित थी।

## जांगिड ब्राह्मण समाज विकास समिति तहसील चाकसू (जयपुर) द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन

27 मार्च, 2018 को जां.ब्रा. समाज विकास समिति तहसील चाकसू (जयपुर) द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन करवाया गया। समारोह की अध्यक्षता श्री हनुमान प्रसाद जांगिड (हनुमान ट्यूबवैल कं. सांगानेर) द्वारा की गई तथा मुख्य अतिथि श्री लखन शर्मा (प्रदेशाध्यक्ष राज.), श्री घनश्याम पंवार (जिलाध्यक्ष जयपुर), श्री हनुमान प्रसाद कोलाया (कार्यकारी जिलाध्यक्ष जयपुर), श्री रामबाबू जांगिड (पूर्व तहसील अध्यक्ष बस्सी), श्री हुकम चन्द बेवाल (सांगानेर) रहे।

अतिविशिष्ट अतिथियों में श्री नारायण लाल जी (खेड़ी सांगानेर), श्री मुकेश झाझवाड़ (तहसील अध्यक्ष बस्सी), श्री राजेश जी (कारवा), श्री रूपनारायण (बंबाला), श्री राधेश्याम जी (तहसील अध्यक्ष निवाई), श्री घासीलाल पीपला (तहसील अध्यक्ष फागी), श्री कमलेश जांगिड (अध्यक्ष रामपुरा रोड़, सांगानेर) एवं श्री राजेश जांगिड (पूर्व अध्यक्ष), श्री सुरेश कुमार जांगिड (अध्यक्ष सूर्य नगर तारों की कूट सांगानेर), श्री रामेश्वर प्रसाद जांगिड (मांगरोल अध्यक्ष

जांगिड समाज हस्तकला सेवा समिति), श्री लल्लूराम जांगिड (तहसील अध्यक्ष जमवारामगढ़), श्री राधेश्याम (मोहनपुरा), श्री पूरण जी (थली), श्री छोटेलाल जी (प्रहलादपुरा), श्री प्रभुलाल गरूड़वासी, श्री सूरज जी कोटखावदा, श्री जयनारायण जांगिड (चन्दलाई), श्री दामोदर प्रसाद कोटखावदा, श्री भगवान सहाय कड़वानिया (जयपुर), श्री चौथमल जांगिड (सांगानेर), श्री रमेश जी रजमाणा, श्री गणेश जी, श्री मुंशीलाल जी, श्री गोवर्धन बांसखोह, श्री मोहनलाल दांतुली, श्री भैरूलाल जी (पटवारी टोंक), श्री जगदीश जी (बालीथल), श्री बंशीलाल (जगतपुरा), श्री गिरिराज प्रसाद जांगिड (तह. अध्यक्ष लालसोट), श्री रामनिवास (बगड़ी), श्री नारायण जी बिडौली, श्री कन्हैयालाल हनुतिया, श्री चिमन जी मंडावरी, श्री बाबूलाल जी सांगानेर, श्री ओमप्रकाश जी कानोता, श्री मदनलाल बस्सी, श्री छीतरमल डिडावता, श्री रामप्रताप जी खोखाबास, श्री भगवान सहाय जांगिड (सांगानेर), श्री रामेश्वर जांगिड (तहसील अध्यक्ष निवाई), श्री कन्हैयालाल (सिरस), श्री सुनील (डालू) निवाई, श्री सुरेश जांगिड (खारी कुई निवाई), श्री शंकर जी (खण्डवा), श्री रमेश जी (मित्रपुरा) आदि मंचासीन हुए।

अतिथियों द्वारा श्री गणेश एवं श्री विश्वकर्मा भगवान की पूजा-अर्चना की गई। सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं साफा बंधवाकर श्री नाथूलाल जांगिड (रूपवास) अध्यक्ष सम्मेलन समिति चाकसू, श्री बाबूलाल (बरखेडा) अध्यक्ष तहसील सभा चाकसू, श्री जगदीश जी (स्वमी का बास) अध्यक्ष विकास समिति चाकसू, श्री छोटे लाल प्रहलादपुरा, श्री सूरज जी कोटखावदा, श्री शंकर जी आयूषी विद्या मंदिर, श्री पूरण जी थली, श्री रामस्वरूप जी कादेडा द्वारा सम्मान किया गया।

इस अवसर पर श्री लखन शर्मा, श्री घनश्याम पंवार, श्री हनुमान कोलाया आदि द्वारा सभा को संबोधित किया गया।

मंच संचालन श्री सियाराम गोठवाल युवा जिलाध्यक्ष टोंक द्वारा किया गया।

अंत में सममेलन अध्यक्ष श्री नाथूलाल जांगिड द्वारा सभी अतिथियों एवं समाज बंधुओं का आभार प्रकट किया गया एवं सभी को सहभोज के लिए आमंत्रित किया गया।

### मानव सेवा को समर्पित जांगिड फाउण्डेशन

जांगिड फाउण्डेशन की ओर से जयपुर शहर में वस्त्र संग्रहण एवं वितरण अभियान चलाया गया। अभियान का शुभारम्भ राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे जी एवं श्री राजेश शर्मा जी (एम.डी. जांगिड मोटर्स एवं संस्थापक जांगिड फाउण्डेशन) के करकमलों द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2017 को मुख्यमंत्री निवास पर किया गया। इस अभियान हेतु टीम जांगिड फाउण्डेशन ने मिलकर सम्पूर्ण जयपुर शहर में फुटपाथ एवं झुग्गीयों में निवास कर रहे बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों को उनके पहनने के कपड़े जैसे बच्चों के कपड़े, सूट सलवार, साड़ियाँ, पेंट-शर्ट, गर्म कपड़े जैसे स्वेटर, जैकेट एवं कम्बल इत्यादि वितरित किए गए। श्रीमती वसुंधरा राजे जी ने इस अभियान हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की एवं कहा कि जांगिड फाउण्डेशन को संदेश दिया कि समाज के तबके की जिम्मेदारी है कि वह जरूरतमंदों को रोटी, कपड़ा और उनकी जरूरतों का सामान मुहैया करवाकर सरकार का हाथ बंटाये। जांगिड फाउण्डेशन के संस्थापक श्री राजेश शर्मा जी ने कहा कि जांगिड फाउण्डेशन की ओर से सर्दी के मौसम में निराश्रितों को इस अभियान के माध्यम से वस्त्र मुहैया करवाए जाएंगें। इस अभियान को पूर्णरूप मुख्य सलाहकार आर.ए.एस. डॉ. मुकुट बिहारी जांगिड जी (ओ.एस.डी. शासन सचिवालय जयपुर) के मार्गदर्शन में किया गया। डॉ. मुकुट बिहारी जी ने बताया कि हमने मानव सेवा हेतु सर्दियों में फुटपाथ एवं झुग्गीयों में निवास करने वाले निराश्रितों के लिए पहनने एवं गर्म कपड़े वितरण हेतु प्लान किया, जिससे कि उनको सर्दी के मौसम में इस अभियान द्वारा मानव सेवा करने का अवसर उपलब्ध करवाया जा सके। उन्होंने पूरी टीम को धन्यवाद दिया एवं कहा कि बुजुर्गों एवं युवाओं ने मिलकर इस अभियान को बहुत सकारात्मक लिया एवं नि:स्वार्थ भाव से सेवा के लिए आगे आए। जांगिड फाउण्डेशन के सचिव विक्रम जांगिड ने बताया कि इस अभियान में समाज एवं अन्य समाजों से काफी लोगों ने अपने-अपने घरों से अनुपयोगी कपड़े भेंट किए। समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने कम्बल एवं गर्म कपड़े भेंट कर अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस अभियान में टीम जांगिड फाउण्डेशन की सम्पूर्ण टीम की ओर से अपने-अपने घरों, नाते-रिश्तेदारों एवं पड़ौसियों से अनुपयोगी कपड़े एवं कम्बल भेंट करवाकर अभियान को सफल बनाया। श्री गणेश मल सुथार जी ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती सरला देवी जी के साथ मिलकर सबसे युवा एवं सबसे बुजुर्ग कार्यकर्ता की भूमिका अदा की जो कि एक ऐसी प्रेरणा देता है कि हम उम्र के किसी भी पड़ाव पर सम्भवत: हर मुकाम हासिल करने की क्षमता रखते हैं। इस दम्पत्ति ने पूरी टीम को उत्साहित रखा एवं मार्गदर्शित किया कि हम इस पुण्य कार्य हेतु एक टीम के कार्यकर्ता के रूप में जुड़कर एवं निराश्रितों की इस मदद हेतु आगे आए हैं वह दूरगामी सकारात्मक परिणाम की छाप छोड़ेगी। टीम जांगिड फाउण्डेशन की ओर से संस्थापक श्री राजेश शर्मा जी एवं आर.ए.एस. डॉ. मुकुट बिहारी जांगिड सभी का आभार प्रकट किया एवं आह्वान किया कि जरूरतमंदों की मदद करने से आत्म संतुष्टि मिलती है। जांगिड फाउण्डेशन की एकमात्र महिला सदस्या सोनू जांगिड ने बताया कि जांगिड फाउण्डेशन कहने में नहीं करने में विश्वास करता है। टीम जांगिड फाउण्डेशन की ओर से श्री अशोक चुघ (सेल्फ डिफेंस कोच, दिल्ली), श्री सतीश काला, श्री दीपक शर्मा (एस्ट्रोलोजर), श्री मनीष जांगिड, श्री अमित जांगिड, श्री प्रवीण जांगिड, श्री लोकेश जांगिड, श्री मोहन जांगिड, श्री शंकर जांगिड, श्री मेघराज जांगिड, श्री ओमप्रकाश जांगिड (एलेन इंस्टीट्यूट), श्री मुकेश खाती, श्री प्रवीण खाती, श्री ओमपकाश जांगिड (ओमी), श्री विष्णु जांगिड, श्री पवन जांगिड, श्री जे.एस. बराड़, श्री गौरव जांगिड, श्री कुलदीप जांगिड, श्री महेश जांगिड एवं श्री विश्वकर्मा क्लब जयपुर की पूरी टीम का इस अभियान में योगदान रहा।

### अ.भा.जां.ब्रा. महासभा, जिला सभा जयपुर की कार्यकारिणी की पंचम त्रैमासिक मीटिंग सम्पन्न

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा, जिला सभा जयपुर की कार्यकारिणी की पंचम त्रैमासिक मीटिंग 29 मार्च, 2018 को श्री घनश्याम शर्मा

(पंवार), अध्यक्ष अअ.भा.जां.ब्रा. महासभा, जिलासभा की अध्यक्षता में प्रदेश भवन जयपुर में हुई।

सर्वप्रथम महामंत्री जिलासभा जयपुर श्री रमेश चन्द्र शर्मा (जांगिड) ने भगवान श्री विश्वकर्मा जी को नमन करके मीटिंग में पधारे हुए महानुभावों का हार्दिक अभिनन्दन किया। मीटिंग की अध्यक्षता श्री घनश्याम शर्मा (पंवार) अध्यक्ष अ.भा.जां.ब्रा.म. जिला सभा जयपुर ने की एवं मुख्य अतिथि श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष को मंचासीन करवाया। तदोपरान्त भगवान श्री विश्वकर्मा जी महाराज की पूजा अर्चना की। इसके उपरान्त जिलाध्यक्ष श्री घनश्याम शर्मा (पंवार) ने मीटिंग के मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष श्री लखन शर्मा (जांगिड) का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

इसके पश्चात् महामंत्री जिला सभा ने पूर्व मीटिंग 24 दिसम्बर, 2017 का कार्यवाही विवतरण एवं विश्वकर्मा जयन्ती के एक दिवस पूर्व 28 जनवरी, 2018 को निकाली गई शोभा यात्रा का विवरण पढ़कर सुनाया एवं उपस्थित महानुभावों ने इसका अनुमोदन किया, जिसका महामंत्री ने हृदय से आभार व्यक्त किया।

मीटिंग के एजेण्डे की ओर ध्यान आकर्षित किया। चर्चा के बिन्दु इस प्रकार रहे:- पूर्व मीटिंग की कार्यवाही विवरण का पठन एवं अनुमोदन, जिला सभा में महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी बढ़ाने पर जोर, जिला सभा द्वारा सामाजिक स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित करना, सामाजिक सम्पत्तियों के संरक्षण बाबत् एवं सामाजिक कुरुतियों के उन्मूलन हेतु चर्चाएं इत्यादि।

इसके उपरान्त जिलाध्यक्ष श्री घनश्याम शर्मा पंवार ने अपने उद्बोधन में त्रैमासिक मीटिंगों के उद्देश्यों के बारे में बताया कि मीटिंगों के द्वारा ब्लाक सभाओं, तहसील सभाओं एवं शाखा सभाओं द्वारा की जा रही गतिविधियों तथा उनके आय-व्यय का ब्योरा जिला सभा को उपलब्ध करवाने हेतु कहा साथ ही उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों में यदि किसी प्रकार की कोई कठिनाईयाँ हों तो उनके समाधान हेतु आश्वस्त किया। मीटिंग में अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों पर चिंता जताई एवं उन पर कार्यवाही के लिए भी कहा एवं क्रियाशील व्यक्तियों को उनके पदों को सौंपने पर विचार करना होगा।

जिला सभा में महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी बढ़ाने के लिए पर बोलते हुए श्री घनश्याम पंवार ने कहा कि सामुहिक विवाहों को छोड़कर प्राय: हमारे समाज के लगभग सभी कार्यक्रमों में महिलाओं की उपस्थिति नगण्य रहती है। अत: जिला सभा में महिलाओं को अधिक से अधिक जोड़ा जावे। इस पर आगामी वक्ताओं को अपने विचार प्रकट करने चाहिए। जिला सभा महिलाओं को उनके रूचि के कार्यक्रमों यथा मेहन्दी प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता आदि आयोजित कर महिलाओं को जोड़ने का प्रयास करेगी। उन्होंने मीटिंग में उपस्थित सभी ब्लाक सभाओं, तहसील सभाओं एवं शाखा सभाओं के अध्यक्षों एवं अन्य पदाधिकारियों का आह्वान किया कि प्रत्येक अपने-अपने क्षेत्र से इस कार्य के लिए योग्य कम से कम पाँच महिलाओं के नाम प्रस्तावित कर जिला सभा को भिजवाने का कष्ट करें ताकि महिलाओं का अलग संगठन बनाकर जिला सभा में इनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

जिलासभा द्वारा सामाजिक स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित करने पर बोलते हुए कहा कि सामाजिक स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जावे, जिनमें क्रिकेट, बॉलीबॉल, बेडमिन्टन, चैस इत्यादि को सम्मिलित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी ब्लॉक सभाओं, तहसील सभाओं एवं शाखा सभाओं के अध्यक्षों एवं अन्य पदाधिकारियों को कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में खेलों में रूचि रखने वाले खिलाड़ियों एवं नवयुवकों की सूची तथा जो समाज बन्धु इन खेलों को आयोजित करवाने के लिए तैयार हों तो जिला सभा को उनके नाम भिजवाने का कष्ट करें ताकि कार्यवाही को आगे बढ़ाया जा सके।

उन्होंने ''सामाजिक सम्पत्तियों के संरक्षण बाबत्'' बोलते हुए कहा कि हमारे समाज के पास अनेकों स्थाई सम्पत्तियाँ हैं, परन्तु उनकी सार संभाल के अभाव में उन पर या तो अनाधिकृत कब्जे हो गए हैं या वे जर्जर अवस्था में हैं। जिला सभा द्वारा इस बिन्दू पर पिछली दो तीन मीटिंगों से लगातार चर्चा की जा रही है। खजाने वालों के रास्ते में ठाकुर बद्रीनाथ जी के मन्दिर के बारे में बताते हुए कहा कि माननीय न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण में आगामी 15-20 दिवस में ही निर्णय आने वाला है। इस पर जिलाध्यक्ष जी ने मन्दिर प्रबन्ध कार्यकारिणी से कहा कि हम एक से दो महीने तक इसके लिए प्रतीक्षा कर सकते हैं, परन्तु यदि माननीय न्यायालय का निर्णय पक्ष में होने के उपरान्त भी कोई कार्यवाही नहीं की गई तो जिला सभा जयपुर को इस सम्बन्ध में समाज से चर्चा कर उचित निर्णय लेने पर विचार करना पड़ेगा। घाट की गुणी स्थित भगवान श्री विश्वकर्मा जी के प्राचीनतम् मन्दिर के बारे में बोलते हुए कहा कि इस वर्ष जब शोभा यात्रा घाट की गुणी मन्दिर पहुँची तो मन्दिर के अन्दर ग्रेनाईट के निर्माण कार्य देखकर प्रसन्नता तो हुई, परन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि यह निर्माण कार्य स्वयं मन्दिर महन्त श्री शैलेन्द्र जी द्वारा समाज से आर्थिक सहयोग प्राप्त कर करवाये गए हैं एवं यदि यह सत्य है तो कतई उचित नहीं है। यह कार्य करवाए गए हैं यह उचित नहीं। यह मन्दिर के लिए बनी हुई समिति के निर्णयानुसार होने चाहिए। इस प्रकरण में समाज को एकजूट होने की महत्ती आवश्यकता है।

सामाजिक कुरुतियों के उन्मूलन हेतु कहा कि हाल ही में शीतला माता मन्दिर, चाकसू में मीटिंग हुई, जिसमें सांगानेर, बस्सी, चाकसू एवं अन्य ने भाग लिया एवं सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि तीये की बैठक में चिट्ठी वितरण को बन्द करने, शीशी पूजन पर केवल सम्बन्धित एक रिश्तेदार से ही कपड़े लेने तक इसको सीमित करने का निर्णय लिया एवं इस क्षेत्र में इस निर्णय का प्रभाव भी दिखने लगा है। अनावश्यक खर्च को कम करने का आग्रह भी किया।

मीटिंग में श्री मुकेश झाझवाड़ तहसील अध्यक्ष बस्सी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जहाँ तक महिलाओं को संगठन में भागीदारी का प्रश्न है, इसके लिए हमें समन्वितरूप से प्रयास करने होंगे। कुरुति उन्मूलन की दिशामें यदि जिला सभा या प्रदेश सभा तहसील सभाओं, ब्लॉक सभाओं एवं शाखा सभाओं को स्पष्ट गाईड लाईन बनाकर भेजे

तो इससे इस कार्य में और गति आएगी एवं सम्बन्धित क्षेत्र की सभाएं कारगर तरीके से कार्य कर सकेगी। उन्होंने कहा कि सामाजिक स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित करवाने का जिला सभा का विचार सराहनीय है। उन्होंने सामाजिक सम्पत्तियों के संरक्षण के विषय पर कहा कि इन प्रकरणों में सर्वप्रथम भरपूर समझाईश की जाए एवं आवश्यकता पड़ने पर समाज को एकजूट होकर समस्याओं के निराकरण के लिए उचित कदम उठाने चाहिए।

इसके उपरान्त हाल ही में मनोनीत उपप्रान अ.भा.जां.ब्रा.म.स. दिल्ली श्री कज्जूलाल धानोता ने प्रत्येक बिन्दू पर सकारात्मक कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एजेण्डे के सभी बिन्दू महत्वपूर्ण हैं एवं इन पर कार्यवाही अपेक्षित है। इसके लिए हमें धरातल पर कार्य करने के लिए संगठित होकर कार्य करना पड़ेगा।

इसके पश्चात् जिला सभा के संगठन मंत्री श्री गोपाल लाल राजोतिया ने सामाजिक सम्पत्तियों के संरक्षण पर अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि यदि किसी भी मंदिर की प्रबन्ध समिति उस मंदिर की स्थाई सम्पत्ति को सुरक्षित नहीं रख पाती है तो जिला सभा को उसका अधिग्रहण अपने पास करना चाहिए ताकि उनका ठीक ढंग से संरक्षण हो सके।

प्रदेशाध्यक्ष श्री लखन शर्मा (जांगिड) ने अपने उद्‌बोधन में मीटिंग्स में पदाधिकारियों के विलम्ब से आने या अनुपस्थित रहने पर गहरी नाराज़गी जाहिर करते हुए कहा कि जिलाध्यक्ष जी को चाहिए कि जो मीटिंग्स में विलम्ब से आते हैं या अनुपस्थित रहते हैं उन पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए उन्हें हटाकर क्रियाशील महानुभावों को जोड़ना चाहिए। जिन पदाधिकारियों जिला सभा के कार्यों में रूचि नहीं है उनको आप कब तक निभाते रहेंगें, इससे न तो जिला सभा के कार्यों की प्रगति हो पाएगी एवं न ही संगठन मजबूत हो सकेगा। अत: इस दिशा में कारगर कदम उठाने की आवश्यकता है।

श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) प्रदेश प्रभारी ने कहा कि जो भी व्यक्ति किसी भी सामाजिक संस्था में जब किसी पद की शपथ लेता है तो इसका आशय यह नहीं है कि उसका कार्य केवल शपथ लेने तक का ही है, अपितु उस व्यक्ति को उस पद के लिए जो दायित्व निर्धारित किए गए हैं, उनका निर्वहन करना होगा अन्यथा उस व्यक्ति का उस पद पर पदासीन होने का कोई औचित्य नहीं है।

इसके उपरान्त जिला सभा ने अ.भा.जां.ब्रा.म. दिल्ली एवं प्रदेश सभा राजस्थान में जयपुर जिले से मनोनीत पदाधिकारियों का बारी-बारी से माल्यार्पण कर एवं दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की गई।

अन्त में महामंत्री श्री रमेश चन्द्र शर्मा (जांगिड) ने मीटिंग में पधारे सभी महानुभावों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में मीटिंग्स में समय का विशेष ध्यान रखने एवं मीटिंग्स में आवश्यक रूप से भाग लेने का निवेदन करते हुए भगवान श्री विश्वकर्मा जी महाराज के नाम के जयघोष के साथ मीटिंग समाप्ति की घोषणा की गई एवं सभी को सहभोज के लिए आमंत्रित किया।